10 जनवरी, 2017

प्रेस विज्ञप्ति

वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय, लंदन के एक प्रतिनिधिमंडल ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दौरा किया

वेस्टमिंस्टर विश्वविद्यालय, लंदन (यूओडबल्यू) के एक शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल ने दोनों संस्थाओं के बीच मौजूदा साझेदारी को सुदृढ़ बनाने के लिए जामिया मिल्लिया इस्लामिया का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रो. एलेक्ज़ेंद्रा ह्यूजेस, उप कुलपति ग्लोबल एंगेजमेंट द्वारा किया गया,उन्होंने इस संबंध में जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रोफेसर तलत अहमद से मुलाकात की।

शिक्षाविदों और प्रशासकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत में प्रोफेसर तलत अहमद ने दोनों संस्थाओं के बीच मौजूदा समझौता ज्ञापन के तत्वावधान में छात्र और संकाय के विनिमय गतिशीलता कार्यक्रम के महत्व पर बल दिया। दोनों संस्थानों द्वारा अनुसंधान के लिए विज्ञान, फिल्म एवं टेलीविजन और अंतरराष्ट्रीय संबंध के क्षेत्रों को प्राथमिकता से चिन्हित किया गया।

इस अवसर पर प्रोफेसर तलत अहमद ने वित्त पोषण एजेंसियों की आवश्यकता की भी चर्चा की जिससे दोनों संस्थाओं के बीच संकाय और छात्रों के विनिमय को सुविधाजनक बनाने में सहायता मिल सके। इस संबंध में उन्होंने कल यानी 9 जनवरी, 2017 को भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा एसईआरबी–डीएसटी के तत्वावधान में शुरु की गई 'उन्नत संयुक्त अनुसंधान संकाय योजना' का विशिष्ट उल्लेख किया जिसका उददेश्य संकाय और अनुसंधान विद्वानों की वैश्विक गतिशीलता को बढ़ावा देना है।

बाद में प्रतिनिधिमंडल ने प्राकृतिक विज्ञान के संकाय और इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी संकाय के अध्यक्षों तथा निर्देशकों के साथ संकाय स्तरीय चर्चा की। प्रो इप्शिता रॉय, यूओडबल्यू ने जामिइ और यूओडबल्यू के बीच संभव अनुसंधान विषयों को रेखांकित किया।

दोपहर में 'इश्युज़ ऑफ आइडेंटिटी, पॉलिटिक्स, जिओपॉलिटिक्स, बॉर्डर्स एण्ड प्रेसेंटेशन' विषय पर गोल मेज चर्चा हुई। इस चर्चा में राजनीति विज्ञान विभाग, कला इतिहास एवं कला प्रशंसा विभाग और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन अकादमी,जामिइ, के संकाय सदस्य एवं शोधार्थी शामिल थे।

मीडिया समन्वयक कार्यालय

जामिया मिल्लिया इस्लामिया